>

Title: Need to release the share of Central Government under Rural Employment Scheme to Rajasthan immediately.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, कांग्रेस पार्टी देश में प्रचार कर रही है कि हमने बहुत सुंदर काम किया है। लेकिन भारत सरकार ने ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत अपना जितना शेयर देने की घोषणा की थी, उसे न देने के कारण राजस्थान के कई स्थानों में योजनाएं ठप पड़ी हैं। पिछले छह माह से 875 करोड़ रुपया इन योजनाओं को पूरा करने के लिए अभी तक नहीं दिया गया है। प्रदेश के सात जिले डुंगरपुर, चित्तौड़गढ़, जैसेलमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर और जोधपुर में भी 770 करोड़ रुपया नहीं दिया गया है। भारत सरकार से मेरी मांग है कि ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत भारत सरकार की तरफ से जो 875 करोड़ रुपए की राशि मांगी जा रही है, उसे तुंत दे, जिसमें कि राज्य सरकार अपना शेयर मिलाकर प्रदेश के जिलों में तत्काल कार्य कर सके। राजस्थान सरकार तत्पर है और केंद्रीय सरकार सो रही है। इसलिए मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि जो हमारा पैसा इन योजनाओं के तहत राजस्थान सरकार को मिलना चाहिए, वह पैसा तुंत दिया जाए।